समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# NEET री-एग्जाम के बाद महाराष्ट्र मे 18 वर्षीय छात्र ने दी जान, मां के नाम आखिरी वीडियो मे बोला- “सॉरी मम्मी”

Sanket Morankar
Published on 25 Jun 2026



महाराष्ट्र के हिंगोली जिले से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। NEET (UG) 2026 की परीक्षा देने वाले 18 वर्षीय छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले उसने अपनी मां के नाम एक भावुक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए कहा, **“सॉरी मम्मी... अगले जन्म मे फिर आपकी ही कोख से जन्म लूंगा।”**

मृतक छात्र की पहचान **सुशील धागे** के रूप में हुई है। वह हाल ही में आयोजित NEET (UG) 2026 की पुनर्परीक्षा में शामिल हुआ था।

मां के नाम रिकॉर्ड किया आखिरी वीडियो

पुलिस के अनुसार, आत्महत्या से पहले सुशील ने करीब 33 सेकंड का एक वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया। वीडियो में वह भावुक होकर अपनी मां से कहता है कि वह अपने जीवन का अंत करने जा रहा है।

उसने कहा कि वह अपनी मां को दुख नहीं देना चाहता था और अगले जन्म में फिर उसी की संतान बनकर जन्म लेने की इच्छा जताई। वीडियो में उसने अपने छोटे भाई का भी जिक्र किया और मां से उसका ख्याल रखने की अपील की।

वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद उसने इसे अपने परिवार को भेज दिया और कथित तौर पर पास के एक कुएं में छलांग लगा दी।

परिवार ने क्या कहा ?

परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुशील NEET की पुनर्परीक्षा के बाद काफी तनाव में था। परिवार के अनुसार, उसे लगा कि री-एग्जाम उम्मीद से अधिक कठिन था और इसी वजह से वह मानसिक दबाव में आ गया था।

हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के पीछे के सभी कारणों की पड़ताल की जा रही है।

पेपर लीक के बाद हुई थी दोबारा परीक्षा

गौरतलब है कि **3 मई 2026** को आयोजित NEET (UG) परीक्षा को कथित प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया था। बाद में जांच एजेंसियों की कार्रवाई के पश्चात **21 जून 2026** को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी।

देशभर के लाखों छात्र हर वर्ष मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए NEET परीक्षा देते हैं। ऐसे में परीक्षा का दबाव और प्रतिस्पर्धा कई छात्रों के लिए मानसिक तनाव का कारण बन जाती है।

पुलिस जांच जारी

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोबाइल फोन, वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

**यदि आप या आपका कोई परिचित मानसिक तनाव, निराशा या आत्महत्या जैसे विचारों से जूझ रहा है, तो कृपया तुरंत किसी भरोसेमंद परिवारजन, मित्र या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें। समय पर मदद लेना बेहद महत्वपूर्ण है।**

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.